


## मुख्यमंत्री से दिव्यांग क्रिकेट खिलाड़ी सुजीत मुंडा ने की मुलाकात

# हेमंत सोरेन ने दिव्यांग क्रिकेट खिलाड़ी को जमीन और घर देने का दिया भरोसा

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मंगलवार को कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में दिव्यांग क्रिकेट खिलाड़ी सुजीत मुंडा ने मुलाकात की। सुजीत मुंडा ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि चार दिसंबर से 17 दिसंबर तक आयोजित होने वाले ब्लाइंड क्रिकेट टी-20 वर्ल्ड कप के लिए उनका चयन टीम इंडिया में हुआ है। मुख्यमंत्री ने दिव्यांग क्रिकेट खिलाड़ी सुजीत मुंडा को ब्लाइंड टी-20 वर्ल्ड कप में अच्छे प्रदर्शन के लिए अपनी शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री ने मौके पर सुजीत मुंडा को क्रिकेट किट भी प्रदान किया।

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने दिव्यांग क्रिकेट खिलाड़ी सुजीत मुंडा को रांची में जमीन तथा उक्त जमीन पर घर देने का भरोसा दिया है। मुख्यमंत्री ने सुजीत मुंडा से कहा कि राज्य सरकार आपके बच्चों की पढ़ाई का पूरा जिम्मा उठाएगी। आपके बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले यह राज्य सरकार की नैतिक जिम्मेदारी है। नई खेल पॉलिसी के तहत स्कॉलरशिप एवं कैश अवार्ड का प्रावधान है, इसका लाभ आपको मिले इस निमित्त निर्देश दे दिया गया है। इससे पहले बातचीत के क्रम में मुख्यमंत्री के समक्ष दिव्यांग क्रिकेट खिलाड़ी सुजीत मुंडा एवं उनकी पत्नी अनीता तिग्गा ने कहा कि उनके पास रहने के लिए अपना कोई घर नहीं है। वर्तमान में भी मौसीबाड़ी, जगन्नाथपुर क्षेत्र में रहकर किसी तरह जीवन यापन करते हैं तथा उनकी आर्थिक स्थिति भी काफी दयनीय है। उनकी बातों को गंभीरता से लेते हुए मुख्यमंत्री ने उन्हें हरसंभव राज्य सरकार की ओर से मदद देने का भरोसा दिया है। मुख्यमंत्री ने खेल निदेशक को निर्देश दिया कि सुजीत मुंडा की आवश्यकताओं और समस्याओं के मद्देनजर नई खेल नीति के तहत खिलाड़ियों को जो सुविधाएं दी जाती हैं वे सुविधाएं उन्हें उपलब्ध कराई जाये।

**मुख्यमंत्री से मिल कर काफी खुश दिखे सुजीत मुंडा :** मुख्यमंत्री से बातचीत करने के बाद सुजीत मुंडा ने कहा कि निश्चित तौर पर अब मैं ब्लाइंड टी-20 वर्ल्ड कप में बेहतर प्रदर्शन करने की कोशिश करूंगा। सुजीत मुंडा ने कहा कि मुख्यमंत्री के साथ उनकी काफी सकारात्मक वार्ता हुई है। मुख्यमंत्री ने उन्हें हरसंभव मदद पहुंचाने का भरोसा दिया है। सुजीत मुंडा ने मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, खेल निदेशक सरोजनी लकड़ा मौजूद थी।

## विष्णुचरण महतो की पुण्यतिथि पर कुरमाली भाषा की पुस्तक का विमोचन

# विष्णु बाबू के विचारों को जनमानस तक पहुंचाना होगा : संजय सेठ

### 21 कुरमाली कवि एवं लेखकों किया गया सम्मानित



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड आंदोलन के अग्रणी नेता, महान समाजसेवी, विधि ज्ञाता एवं कुरमाली भाषा के शब्दकोश विष्णुचरण महतो पुण्यतिथि समारोह का आयोजन मंगलवार को होटल सिटी प्लेस सभागार, रांची में किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में सांसद संजय सेठ ने कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि बिष्णु बाबू के विचारों को जनमानस तक पहुंचाना समाज के लिए बहुत ही उपयोगी होगा। श्री सेठ ने कहा बिष्णु बाबू ने अपने जीवन काल में समाज के प्रति काफी योगदान दिया, जिन्हें भुलाया नहीं जा सकता है। हम सभी को उनकी विचारधारा पर अमल करने की आवश्यकता है।

विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रो. डॉ मुकुंद चन्द्र मेहता, कुलसचिव, रांची विश्वविद्यालय उपस्थित हुए। प्रो मेहता ने कहा शिक्षा को लेकर लोगों को जागृत करने तथा क्षेत्र में नशा मुक्ति समेत अलग-अलग समाज सुधार कार्यों में स्व. विष्णु चरण महतो का उल्लेखनीय योगदान रहा है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कुरमाली भाषा परिषद के अध्यक्ष सह सदस्य सलाहकार समिति, केन्द्रीय पुस्तकालय, भारत सरकार के डॉ राजा राम महतो ने कहा कि विष्णु चरण महतो प्रारंभिक शिक्षा गांव के सिंगपुर स्कूल में प्राप्त की थी। मैट्रिक चक्रधरपुर से तथा कॉलेज की पढ़ाई पटना विश्वविद्यालय से की थी। उन्होंने 1950 में वकालत की डिग्री हासिल की थी। उन्होंने कहा मारांग गोमके जयपाल सिंह मुंडा के साथ मिलकर अपने सामाजिक-आर्थिक विकास के लिए संघर्ष किया था। कुरमाली कवि देवेन्द्रनाथ महतो द्वारा लिखित पुस्तक कुरमाली भाषा, साहित्य एवं व्याकरण का लोकार्पण किया गया तथा 21 कुरमाली कवि एवं लेखक को सम्मानित किया गया मौके पर डॉ कमल कुमार बोस, डॉ धनेश्वर महतो, विंग कमांडर ज्ञानेश्वर महतो, भुवनेश्वर महतो, डॉ गीता कुमारी, कुरमाली कवि देवेन महतो, रतन कुमार महतो, कवि मुक्तिपद महतो, अधिवक्ता ब्रजेंद्र महतो, प्रदीप महतो, डॉ मानसिंह महतो, प्रो नीना महतो, मीना महतो, डॉ मंजय प्रमाणिक, प्रो संतोषी देवी, प्रो बीएन प्रमाणिक, विक्रम महतो, डॉ पूनम कुमारी, अशोक कुमार महतो, नकुल चंद्र महतो, तरुण कुमार महतो, सुचांद कुमार महतो, बंसीधर महतो समेत कई लोग उपस्थित थे।

## सीएमपीडीआइ में कोल इंडिया स्थापना दिवस मनाया गया

# सीएमपीडीआइ को मिले पांच पुरस्कार

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**रांची।** मिनी रत्न कम्पनी सीएमपीडीआइ द्वारा कोल इंडिया स्थापना दिवस-2022 समारोह मंगलवार को संस्थान के निदेशक आरएन झा ने कोल इंडिया के झंडे को फहरा कर किया। समारोह की शुरुआत कॉरपोरेट गीत से हुई। इस मौके पर संस्थान के निदेशक एसके गोमास्ता, निदेशक अजय कुमार, मुख्य सतर्कता अधिकारी सुमीत सिन्हा, वरीय सलाहकार एके राणा, क्षेत्रीय संस्थान-3 के क्षेत्रीय निदेशक जयंत चक्रवर्ती समेत कई लोग उपस्थित थे। कोल इंडिया स्तर पर सीएमपीडीआई को 4 पुरस्कार यथा गवेषण पुरस्कार (सर्वोत्तम ड्रिलिंग कैंप) वित्तीय वर्ष 2021-22 के दौरान वेधन (ड्रिलिंग) उत्पादकता में 43.82 प्रतिशत वृद्धि (744 मी./ड्रिल/माह से 1070 मी./ड्रिल/माह) तथा 103 प्रतिशत ड्रिलिंग लक्ष्य प्राप्त करने के लिए क्षेत्रीय संस्थान-5 सीएमपीडीआइ बिलासपुर के अधीन कुसमुंडा ड्रिलिंग कैम्प, सीएमपीडीआइ के सर्वश्रेष्ठ विभागाध्यक्ष के लिए पुरस्कार चिरंजीब पात्रा, महाप्रबंधक, सर्वेश्रेष्ठ क्षेत्रीय निदेशक पुरस्कार आरके महापात्रो-भूतपूर्व क्षेत्रीय निदेशक एवं वर्तमान में सीएमपीडीआइ में महाप्रबंधक के पद पर कार्यरत एवं सीएमपीडीआई के क्षेत्रीय संस्थान-4-नागपुर के कॉलोनी परिसर को इंप्लाई वेलफेयर/क्लीननेस ऑफ मेंटेनेंस का प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ है। इस अवसर पर सीएमपीडीआइ के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के बच्चों को भी संस्थान की ओर से सम्मानित किया गया, जिन्होंने वर्ष 2021-22 में बेहतरीन शैक्षणिक उपलब्धियां हासिल की है। इनमें दसवीं कक्षा के मास्टर रीशिभ ठाकुर, सोनाली कुमारी, प्रज्ञा पाण्डेय वहीं 12वीं कक्षा के मास्टर सौरजेश मुखर्जी एवं मास्टर अनिश अरोड़ा शामिल हैं। संस्थान के निदेशक आरएन झा ने मंच का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन सहायक प्रबंधक (राजभाषा) अभय मिश्र ने किया।

## रांची में दहशत फैलाने पहुंचा बदमाश पुलिस के हत्थे चढ़ा

**रांची (आजाद सिपाही)।** नगड़ी थाना पुलिस ने व्यवसायी और जमीन कारोबारी के बीच दहशत फैलाने पहुंचे एक बदमाश को गिरफ्तार किया है। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने तापस गांव में तीन बम बरामद किया है। पुलिस ने नों जिंदा बम को डिफ्यूज कर दिया है। हालांकि मौके से तीन अपराधी फरार हो गये। ग्रामीण एसपी नौशाद आलम ने बताया कि आरोपित इलाके में जमीन कारोबारी और व्यवसायी के बीच दहशत फैलाने की फिराक में था। गुप्त सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंचकर एक आरोपित को गिरफ्तार कर लिया उसकी निशानदेही पर तीन बम बरामद किए गए से डिफ्यूज कर दिया गया। पुलिस अन्य आरोपित की तलाश में जुटी है। गिरफ्तार आरोपित से पूछताछ की जा रही है।

## श्याम मंदिर में हुआ सुंदरकांड का पाठ



**रांची (आजाद सिपाही)।** हरमू रोड में मंगलवार को श्याम मंदिर में सुंदरकांड व हनुमान चालीसा पाठ हुआ। मंदिर में सुबह में दैनिक पूजा के बाद आरती हुई। इसके बाद लखदातार का फूलों से श्रृंगार हुआ। शाम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु सस्वर पाठ में शामिल हुए। संगठन के महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया ने बताया कि मंडल से जुड़ीं पुष्पा देवी पोद्दार, सुभाष पोद्दार, स्नेह पोद्दार, सुरभि और स्नेहा ने अखंड ज्योत प्रज्वलित की। मनीष सारस्वत और ओम शर्मा के नेतृत्व में पाठ के समापन पर श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। अनुष्ठान में संस्था के अध्यक्ष सुरेश सरावगी, श्रवण ढनढ़ानियां, गौरव अग्रवाल, अनिल नारनौल, पंकज गाड़ोदिया, रतन शर्मा, कमल लोहिया, जगदीश ढनढ़ानियां, प्रदीप मोदी, रौनक पोद्दार समेत अन्य की भागीदारी रही।

## मारवाड़ी युवा मंच महिला समर्पण ने गो सेवा की

**रांची (आजाद सिपाही)।** मंगलवार को गोपाष्टमी के अवसर पर मारवाड़ी युवा मंच महिला समर्पण शाखा के सदस्यों ने गौ माता की पुजा अर्चना की। इस अवसर पर शाखा अध्यक्ष पूजा सरावगी ने कहा कि गाय के शरीर में सभी देवी देवता और ऋषि मुनि निवास करते हैं। इस अवसर पर शाखा ने 25 किलो गुड, 25 किलो चारा एवं 50 किलो चोकर दिया। इसके अलावा बच्चों के बीच डांस एवं ड्राइंग प्रतियोगिता रखी गई। मंच के अध्यक्ष ने कई लोगो को तुला दान भी करवाया। यह जानकारी मीडिया प्रभारी सरिता बथवाल ने दी। इस मौके पर अध्यक्ष पूजा सरावगी, सचिव स्वेता भाला, पूर्व अध्यक्ष मीना ताइवाला, गो सेवा प्रभारी दीपिका मोतिका, आशा संथोलिया, कविता सोमानी, पुजा तोड़ी, चंदा अग्रवाल, मनीषा लोहिया, सोमिया नेहा अग्रवाल सहितअन्य मौजूद थी।

# पारस एचइसी रांची हॉस्पिटल में लातेहार गोली कांड में घायल तीन मरीजों को मिली नयी जिंदगी

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** आपातकाल स्थिति में तीन मरीजों को पारस हॉस्पिटल रांची मे भर्ती कराया गया, जिन्हें गोली लगी थी। एक मरीज को थोरेक्स (छाती) में, एक मरीज को काफ मसल में और एक मरीज को जांघ में गोली लगी थी। जिन मरीजों के पैर के हिस्से में गोली लगी थी, उन मरीजों के पैरो में से गोली के टुकड़े को बहार निकल दिया गया और जिस मरीज के छाती में गोली लगी थी, उसकी हालत नाजुक थी।

डॉ (मेजर) रमेश दास (निदेशक-एमआइएस और जनरल सर्जन) एवं डॉ ओम प्रकाश ने पाया कि गोली मरीज के लंग को आरपार करते हुए बहार निकली है। आनन-फानन में डॉ (मेजर) रमेश दास एवं डॉ ओम प्रकाश ने मरीज का आइसीडी किया। डॉक्टर ने मरीज की सर्जरी की। इसके बाद लंग को रिपेयर किया गया। डॉ (मेजर) रमेश दास एवं डॉ ओम प्रकाश का कहना था कि तीनों मरीज सर्जरी के बाद खतरे से बाहर हो गये और 2 मरीज तो दो दिन के अंदर डिस्चार्ज दे दिया गया था और जो सीरियस कंडीशन में एडमिट हुआ था, जिसे पीठ में गोली लगी थी वो भी मंगलवार को सकुशल डिस्चार्ज कर दिया गया।

## जेपीएससी के पूर्व अध्यक्ष प्रो दिलीप प्रसाद की माता का निधन



**रांची (आजाद सिपाही)।** मंगलवार को सुबह 9:30 बजे रातू रोड स्थित प्रोफेसर दिलीप प्रसाद के आवास पर 88 वर्षीय कुसुम देवी मूलत पाचंबा गिरिडीह निवासी का निधन हो गया। अंतिम संस्कार हरमू स्थित घाट पर सायं 7:30 बजे किया गया। छोटे पुत्र रांची विश्वविद्यालय के सह कुलसचिव डॉक्टर प्रीतम कुमार ने मुखाग्नि दी। अंतिम संस्कार में मुख्य रूप से प्रोफेसर ज्योति कुमार, डॉ प्रणव कुमार बब्बू, मुकुंद चंद मेहता, राजीव कुमार, राजेश त्रिपाठी, मोहम्मद बारी, प्रणय कुमार, प्रोफेसर ज्योति प्रकाश, रजनीश श्रीवास्तव, मनीष नाथ, अनिल कंठ, अशोक कुमार सिन्हा सहित शहर के कई गणमान्य लोग उपस्थित थे

## जेएससीए के पूर्व अध्यक्ष जेजे ईरानी को ओवल ग्राउंड में दी गयी श्रद्धांजलि

**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड राज्य क्रिकेट एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष और वर्तमान संरक्षक पद्मश्री डॉ जेजे ईरानी का सोमवार रात जमशेदपुर में लंबी बीमारी के बाद 86 की उम्र में निधन हो गया ईरानी 1983 से 1987 तक जेएससीए (बीसीए) का अध्यक्ष रहे और वर्तमान में जेएससीए का संरक्षक थे। मंगलवार को जेएससीए इंटरनेशनल स्टेडियम परिसर में दिवंगत जेजे इरानी को ओवल ग्राउंड में श्रद्धाजलि दी गयी। मौके पर जेएससीए अध्यक्ष संजय सहाय, सचिव देवाशीष चक्रवर्ती सीइओ एके सिंह, पूर्व उपाध्यक्ष अजय नाथ शाहदेव, आजीवन सदस्य जेके सिन्हा, किशोर चंद्र, सुरेश कुमार, सुरेंद्र कुमार, पंकज सहाय, मनोज कुमार, प्रिया ओझा, झारखंड सिनियर टीम के खिलाड़ी और स्पोर्ट स्टाफ जेएससीए कंट्री क्रिकेट क्लब में कार्यरत सभी अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित होकर दो मिनट का मौन धारण कर दिवंगत आत्मा के शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की।

## झारखंड की स्वास्थ्य व्यवस्था ध्वस्त हो चुकी है : प्रदीप सिन्हा

**रांची (आजाद सिपाही)** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रदीप सिन्हा ने हजारीबाग मेडिकल कॉलेज अस्पताल में डॉक्टरों की लापरवाही से गर्भ में एक शिशु की मौत और धनबाद में सड़क दुर्घटना के एक पीड़ित परिवार के इलाज के दौरान एसएनएमएमसीएच अस्पताल में बरती गयी भारी कुव्यवस्था को लेकर राज्य की स्वास्थ्य व्यवस्था को कटघरे में खड़ा किया है। कहा कि उपरोक्त दोनों मामले ने एक बार फिर स्वास्थ्य व्यवस्था की पोल खोलकर रख दी है। पूरे झारखंड की स्वास्थ्य व्यवस्था ध्वस्त है और हेमंत सरकार केवल लूट खसोट में मस्त है। श्री सिन्हा ने कहा कि कितनी शर्मनाक बात है कि जिस डॉक्टर को लोग भगवान का दूसरा रूप मानते हैं वही गर्भवती महिला को भर्ती कर जच्चा बच्चा को मरने के लिए छोड़कर भाग जाते हैं। इस दौरान एक महिला के बच्चें की पेट में ही मौत भी हो जाती है। आखिर इस मौत का जिम्मेवार कौन है? श्री सिन्हा ने कहा कि धनबाद वाला दूसरा मामला भी शर्मनाक और रोंगटे खड़े करने वाला है। हाजीपुर से रानीगंज जा रहा एक परिवार का कार गोविंदपुर में दुर्घटनाग्रस्त हो जाता है। पीड़ित परिवार ने सोशल मीडिया पर इलाज के दौरान चिकित्सा कर्मियों द्वारा किया गया सलूक को लेकर जो दर्द साझा किया गया है वह राज्य की स्वास्थ्य व्यवस्था को आईना दिखाने के लिए पर्याप्त है। श्री सिन्हा ने कहा कि यह महज एक उदाहरण भर है। पूरे राज्य की कमोबेश यही स्थिति है।

## झारखंड जदयू में सांगठनिक चुनाव कराने की जिम्मेवारी मिली अनिल सिंह को



**रांची (आजाद सिपाही)।** झारखंड जनता दल यूनाइटेड सूबे में संगठन की मजबूती को लेकर रणनीति बनाने में जुट गयी है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव रंजन उर्फ ललन सिंह ने 16 अक्टूबर को राज्यस्तरीय सम्मेलन में कार्यकर्ताओं को संबोधित किया था। अब राज्य में सांगठनिक चुनाव संपन्न कराने के लिए अनिल सिंह को राज्य निर्वाचन पदाधिकारी नियुक्त किया गया है। इस बाबत संगठन के राष्ट्रीय निर्वाचन पदाधिकारी सह राज्यसभा सांसद अनिल प्रसाद हेगड़े ने उनकी नियुक्ति की है। इसकी जानकारी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद खीरू महतो को भी दी गयी है। उक्त जानकारी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता सागर कुमार ने दी।

# जिन जानिआ सेई तरे से सूरे से बीर, नानक तिन बलिहारणै हरि जपि उतरे तीर...

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची।** गुरुद्वारा श्री गुरु नानक सत्संग सभा की प्रभात फेरी मंगलवार को तड़के 5:15 बजे गुरुद्वारा साहिब के पार्किंट गेट से निकल कर दीनदयाल काठपालिया, चरणजीत मुंजाल, मुकेश बजाज, कमल मुंजाल, हरविंदर सिंह बेदी, अनूप गिरधर, सरदार गुरमीत सिंह, मनोहर लाल जसूजा, वसंत काठपाल, प्रकाश गिरधर, दिलीप सिंह, भगवान दास मुंजाल एवं नरेश पपनेजा की गलियों से होते हुए वापस पार्किंग गेट पहुंच कर अरदास के बाद सुबह 7.45 बजे विसर्जित हो गयी।

सत्संग सभा की कीर्तन मंडली ने साध पठाये आपि हरि हम तुम ते नाही दूरि, नानक भ्रम भै मिटि गए रमण राम भरपूरि... एवं किलविख काटण भै हरण सुख सागर हरि राइ, दीन दइआल दुख भंजनो नानक नीत धिआइ... तथा करि बंदन प्रभ पारब्रहम बाछउ साधह धूरि, आपु निवारि हरि हरि भजउ नानक प्रभ भरपूरि... जैसे अनेक शब्द गायन कर साध संगत को गुरवाणी के साथ जोड़ा.श्रद्धालुओं ने अपने घरों के सामने सफाई कर फेरी का श्रद्धाभाव से स्वागत किया। मनीष मिढ़ा ने श्रद्धालुओं के घरों के सामने अरदास की रस्म अदा की। निशान साहिब की सेवा सरदार भूपिंदर सिंह ने की।

फेरी में द्वारकादास मुंजाल, अर्जुन देव मिढ़ा, हरविंदर सिंह बेदी, इंदर मिढ़ा, रमेश पपनेजा, जीतू काठपाल,चरणजीत मुंजाल, नरेश पपनेजा,मोहन काठपाल, जीवन मिढ़ा, रमेश गिरधर, हरजीत बेदी, अशोक गेरा, सुंदर दास मिढ़ा, सुरेश मिढ़ा, हरीश मिढ़ा, हरगोविंद सिंह, अनूप गिरधर, बिनोद सुखीजा, ईशान काठपाल, किशन गिरधर, नवीन मिढ़ा, ईशान खत्री, अजय मुंजाल, गुलशन मुंजाल, कुलदीप बेदी, प्रताप तलेजा, राजकुमार गाबा, प्रेम काठपाल, संदीप पपनेजा, विक्की कटारिया, आशु मिढ़ा, सोनू खुराना, रौनक ग्रोवर, सूरज झंडई, सुमित गिरधर, हरीश नागपाल, तनय काठपाल, गौरव मिढ़ा, राकेश गिरधर, सुरजीत मुंजाल, गुलशन मिढ़ा, हरीश तेहरी, गीता कटारिया, शीतल मुंजाल, इंदु मिढ़ा, नीता मिढ़ा, बबीता पपनेजा, मनजीत कौर, उषा झंडई, बंसी मल्होत्रा, अमर मुंजाल, रेशमा गिरधर, ममता थरेजा, रोशनी गिरधर, श्वेता मुंजाल, नीतू किंगर, उर्मिल खत्री, खुशबू मिढ़ा, पूनम मुंजाल, मीना गिरधर, बिमला मुंजाल, शशि किंगर, मीना गाबा, कुसुम पपनेजा समेत अन्य शामिल थे।

## नाबालिग लड़की के हत्यारे को फांसी और परिजनों को सुरक्षा दे सरकार : आरती कुजूर



**रांची (आजाद सिपाही)।** खूंटी के साइको थाना क्षेत्र अंतर्गत एक नाबालिग लड़की का शव पेड़ से लटकता मिला। भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश की टीम ने मंगलवार को नाबालिग के परिजनों से मुलाकात कर स्थिति की जानकारी ली। मृतका के परिजनों ने बताया कि आरोपित नारायण मुंडा हथियार के बल पर घर आता जाता था। विरोध करने पर सभी को जान से मारने की धमकी देता था और जब मन करता मां-बाप को हथियार दिखाकर बच्ची को लेकर चला जाता था। परिजन डर कर कोई विरोध नहीं कर पाते थे। 28 अक्टूबर को भी ऐसे ही हथियार दिखाकर ले गया था। 31 अक्टूबर को परिजनों को फोन करके उनके आत्महत्या की बात पता चली। परिजनों ने बच्ची की हत्या की बात कही। बच्ची का शव जमीन से सटा मिला। साथ ही पैर और बांह में जख्म होने की भी जानकारी मिली। परिजनों का कहना है कि आरोपित अभी भी पुलिस की गिरफ्त से बाहर है। प्रतिनिधिमंडल में भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष आरती कुजूर, महामंत्री सीमा सिंह, प्रमंडल प्रभारी पिंकी खोया, जिलाध्यक्ष रणदाय नाग,जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर गुप्ता, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य और पूर्व प्रमुख रुकमिला सारू, महामंत्री बिनोद नाग और उपाध्यक्ष संजय साहू उपस्थित थे।

आजाद सिपाही
रांची, बुधवार, 02 नवंबर, 2022
www.azadsipahi.com



## मजदूरों के हक और अधिकार के लिए जारी रहेगा एटक का संघर्ष : मुद्रिका प्रसाद



**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** यूनाइटेड कोल वर्कर्स यूनियन के क्षेत्रीय कार्यलय पिपरवार में एटक का 103 वां स्थापना दिवस समारोह धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर क्षेत्रिय अध्यक्ष मुंद्रिका प्रसाद के नेतृत्व में स्थापना दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मुंद्रीका प्रसाद के द्वारा झंडोतोलन के साथ किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुद्रिका प्रसाद ने कहा कि एटक युनियन का स्थापना 31अक्टूबर 1920 को लाला लाजपत राय के अध्यक्षता में मुंबई में हुई थी। पंडित जवाहरलाल नेहरू और इंदरा गांधी भी एटक युनियन के अध्यक्ष रह चुके है। अंग्रेजों के समय से ही मजदूरों के हक और अधिकार के लिये एटक युनियन द्वारा संघर्ष की शुरूआत की गई और आज भी संघर्स के साथ काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि अमेरिका के शिकागो मे हजारो मजदूरों की शहादत का परिणाम है कि आज आठ घंटा काम,आठ घंटा आराम और आठ घंटा मनोरंजन का अवसर मिला है। इस आजादी के लिये मजदूरों ने खून की नदियां बहा दी तब जाकर यह आजादी मिला है। एटक युनियन पूरे भारत में मजदूरों तथा किसानों के हक और अधिकार के लिए संघर्ष करते आ रहे हैं। समारोह में एटक को कोयलांचल क्षेत्र में मजबूत बनाने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम को कामेश्वर राम, विमल महतो, बाबूलाल राम, कयूम अंसारी, रामजीत राम, ईश्वर दयाल मेहता ने भी संबोधित किया। इस मौके पर सैकडों लोग उपस्थित थे। इधर दूसरी और अशोका भीटीसी में भी यूसीडब्ल्यू के द्वारा एटक का स्थापना दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम में अशोक परियोजना शाखा सचिव सह सीसीएल कल्याण समिति सदस्य अरविंद शर्मा ने एटक के गौरवशाली इतिहास के बारे में विस्तार से जानकारी दी,साथ ही सभी मजदूरों से एकजुट होने का आह्वान किया। कार्यक्रम का संचालन मोहम्मद रहमतुल्ला ने किया। इस मौके पर काफी संख्या में कोयला मजदूर मौजूद थे।

## पिपरवार में मनाया गया कोल इंडिया का 48वां स्थापना दिवस



**पिपरवार (आजाद सिपाही)।** सीसीएल पिपरवार एरिया में मंगलवार को कोल इंडिया का 48 वां स्थापना दिवस मनाया गया। इस मौके पर पिपरवार महाप्रबधंक कार्यालय में जीएम सीबी सहाय ने झण्डोतोलन किया, जिसके बाद कोल इंडिया की कोरपोरेट गीत भी बजाया गया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जीएम सीबी सहाय ने कहा कि कोल इंडिया उर्जा का मुख्य श्रोत कोयला देश को पहुंचा रहा है, साथ ही राष्ट्र के विकास में अपना अहम योगदान दे रहा है। कोल इंडिया की अनुषांगी कंपनी सीसीएल कोयला उत्पादन के साथ विकास को भी प्राथमिकता दे रहा है, वर्तमान में विस्थापित ग्रामीण क्षेत्रो मे सीएसआर के तहत कई योजना चलायी जा रही है, जिसका लाभ ग्रामीणो को मिल रहा है।यहां के विस्थापित ग्रामीणो के सहयोग से प्रबधंन कोयला उत्पादन कर देश को कोयला पहुंचा रहा है। उन्होंने क्षेत्र के सभी विस्थापित रैयतो से भी कोयला उत्पादन में सहयोग करने की अपील की, साथ ही कहा कि आने वाले दिन में अशोका वेस्ट खुली खदान खुलने से पिपरवार एरिया का कोयला उत्पादन बढ़ेगा। कार्यक्रम का संचालन एसओपी आलोक मनीष सोय ने किया। स्थापना दिवस के मौके पर पिपरवार एरिया से कई कोयला मजदूरों को प्रमोशन दिया गया। वही उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले दर्जनों कामगारो को पुरस्कार और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर एजीएम निरजंन सेनापति, स्टाफ ऑफिसर एक्सावेशन जयशंकर शर्मा, स्टाफ ऑफिसर सिविल पीके साहू, स्टाफ ऑफिसर इएंडएम एके पाठक, एरिया सिक्योरिटी ऑफिसर अरुण कुमार महतो, राजीव वर्मा, ज्योति कुशवाहा, रवि बाड़ा, मुद्रिका प्रसाद, रविंद्रनाथ सिंह, भीम सिंह यादव, संजय सिंह, भीम प्रसाद मेहता, अभय सिंह, रामू गोप, बिरेंद्र महतो सहित कई अधिकारी और कर्मचारी मौजूद थे।

### सरना धर्म सोतोः समिति का वार्षिक हॉकी और फुटबॉल खेल महोत्सव संपन्न

# खेल नाम के साथ धन कमाने का अच्छा माध्यम है : नीलकंठ

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** मुरहू प्रखंड अंतर्गत हेठगोवा पंचायत के डाऊगड़ा गांव में सरना धर्म सोतोः समिति डौगड़ा के तत्वावधान में दो दिवसीय वार्षिक हॉकी एवं फुटबॉल खेल महोत्सव संपन्न हो गया। फुटबॉल प्रतियोगिता के पुरुष वर्ग में उलीहातू बी टीम और महिला वर्ग में बालोरू की टीम ने फाइनल मुकाबले में अपने-अपने मैच जीतकर विजेता बनने का गौरव हासिल किया, वहीं हॉकी पुरुष वर्ग में लुंबई की टीम विजेता बनी। समापन समारोह के मुख्य अतिथि खूंटी विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा एवं विशिष्ट अतिथि खूंटी जिला परिषद अध्यक्ष मसीह गुड़िया ने विजेता और उपविजेता टीमों के बीच पुरस्कारों का वितरण कर उनका उत्साहवर्धन किया।

इस मौके पर विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा ने खेल की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि खेलकूद से मन और शरीर स्वस्थ तो रहता ही है, साथ ही समाज और देश में नाम रोशन करने के अलावा धन कमाने का भी यह प्रमुख जरिया है। उन्होंने खिलाड़ियों से कोई भी खेल मन लगाकर खेलने की अपील की। इस दो दिवसीय खेल महोत्सव के सफल आयोजन में धर्मगुरु बगरय मुंडा, मथुरा कंडीर, सोमा ओड़ेया, बिरसा कंडीर, बंटी ओड़ेया, कोलाय ओड़ेया, टुटी ओड़ेया आदि ने महत्वपूर्ण योगदउान दिया।

**ये रहे मौजूद :** समापन समारोह में भाजपा के जिला महामंत्री विनोद नाग, खूंटी नगर अध्यक्ष सुरेश जायसवाल, सोशल मीडिया प्रभारी रूपेश जायसवाल, अनुसूचित जाति मोर्चा के जिलाध्यक्ष योगेंद्र नायक, भाजयुमो जिलाध्यक्ष राजेश महतो, सुरेश प्रसाद, कलिंदर राम, जगदीश गंझू, विजय भगत सहित अन्य ग्रामीण व खेल प्रेमी उपस्थित थे।

## सोनाहातू कस्तूरबा विद्यालय ने जीता राष्ट्रीय स्वच्छ विद्यालय पुरस्कार




**सोनाहातू (आजाद सिपाही)।** कस्तूरबा बालिका आवासीय विद्यालय सोनाहातू को राष्ट्रीय स्वच्छ विद्यालय पुरस्कार 2021- 22 के लिए नामित किया गया है। विद्यालय ने ओवरऑल का खिताब जीता है 19 नवंबर को दिल्ली में आयोजित समारोह में विद्यालय को पुरस्कृत किया जायेगा। विद्यालय को शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा पुरस्कृत किया जायेगा। पूरे देश मे 39 स्कूल में सोनाहातू कस्तूरबा ओवरऑल का खिताब जीता है। पूरे रांची जिला में एक मात्र स्कूल है जिसने स्वच्छ विद्यालय का पुरस्कार जीता है। स्वच्छ विद्यालय का पुरस्कार मिलने पर विद्यालय परिवार काफी प्रफुल्लित है। राष्ट्रीय स्तर में विद्यालय को स्वच्छ विद्यालय का पुरस्कार मिलने पर विधायक सुदेश महतो, पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष सुकरा मुंडा, जिला परिषद सदस्य मंजू सिंह मुंडा, ने विद्यालय परिवार को शुभकामनाएं दी है। विद्यालय को स्वच्छ पुरस्कार दिलाने में पूर्व वार्डन सरोजनी टोप्पो,वार्डन शशि वाड़ा, लेखापाल सौरभ कुमार सिंह सहित विद्यालय के सभी शिक्षक के मार्गदर्शन में छात्राओं ने इस मुकाम में विद्यालय को पहुंचाया है।

## मृतक के परिजनों से मिले गोपाल सिंह मुंडा और सुरेश मुंडा



**तमाड़ (आजाद सिपाही)।** तमाड़ प्रखंड के लोहड़ी गांव के ग्राम प्रधान अशोक सिंह मुंडा की पिछले दिनों हत्या कर दी गयी थी। शोक संतप्त परिवार से मिलने ग्राम प्रधान संघ के अध्यक्ष यदु गोपाल सिंह मुंडा एवं सीपीआइएम माकपा के राज्य कमिटी सदस्य सुरेश मुंडा पहुंचे और मृतक परिवार को सांत्वना दिया और इस दुखद घटना मे ढांढस बांधा और हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया। इस घटना की निष्पक्ष जांच करने की मांग वरीय पुलिस पदाधिकारी से की। मृतक के परिवार के एक सदस्य की सरकारी नौकरी देने की मांग किया, हत्या का कारण जमीन विवाद बताया जा रहा है। पुलिस ने दो को जेल भेज चुकी है।

## सरकार आपके द्वार के तहत पंचायतों में लगाये गये शिविर



आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार के तहत खूंटी,कर्रा सहित जिले की कई पंचायतों पंचायतों में शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाये गये, जिसमें ग्रामीणों से आवेदन प्राप्त किये गये और उनका निष्पादन किया गया। शिविर में आय वृद्धों के बीच कंबलों का वितरण किया गया। एक वृद्ध, लाभुक एतवा मुंडा द्वारा बताया गया कि उन्हें शिविर में योजनाओं का लाभ मिल रहा है। सरकार व जिला प्रशासन का उद्देश्य है कि जिले के वंचित लाभुकों को सरकार की योजनाओं से लाभान्वित कर उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाया जा सके। पंचायत स्तरीय आयोजित शिविरों के माध्यम से स्थानीय ग्रामीणों को राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं की जानकारी दी गई।

### जागरूक होकर योजनाओं का लाभ उठायें : डीडीसी

मुरहू पंचायत के एलएन $2 हाई स्कूल,मुरहू परिसर में भी आपकी योजनाए आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उप विकास आयुक्त, नीतीश कुमार सिंह ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाये गये स्टॉल का निरीक्षण किया और प्राप्त किये गये आवेदनों की जानकारी ली। साथ ही संबंधित अधिकारियों-कर्मियों को दिशा निर्देश दिये। डीडीसी ने लोगों से संचालित सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूक होकर लाभ उठाने की अपील की।

## खूंटी परिसदन का किया जायेगा कायाकल्प, सांसद ने दिया निर्देश



आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** नगर पंचायत स्थित चाईबासा रोड परिसदन का कायाकल्प किया जाएगा। इसको लेकर जनजातीय मामले के केंद्रीय मंत्री सह खूंटी सांसद अर्जुन मुंडा ने उपायुक्त शशि रंजन को इसका प्लान बनाने के लिए कहा। मंत्री ने बताया कि सामानों की ठीक-ठाक व्यवस्था रहे साथ ही साधन युक्त व्यवस्था के अनुरूप परिसदन का कायाकल्प किया जाए, इसकी योजना तैयार करें, ताकि किसी को यहां ठहरने या रुकने में असुविधा न हो। उन्होंने कहा कि पर्याप्त पार्किंग जिसमें बाहर से आने वाले वीआईपी लोग खूंटी में रह कर गौरवान्वित महसूस करें। मंत्री ने कहा कि खूंटी जिला खेल के साथ-साथ शिक्षा और पर्यटन का केंद्र बनेगा और लोगों का आवागमन हमेशा रहेगा, इसको देखते हुए मास्टर प्लान तैयार करें। इसी क्रम में केंद्रीय मंत्री ने परिसर का अवलोकन भी किया। इस दौरान एसपी अमन कुमार डीडीसी नीतीश कुमार, प्रखण्ड प्रमुख छोटराय मुण्डा, जिला सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार, भीम सिंह मुण्डा, छोटराय मुण्डा, ओपी कश्यप, लीलू पाहन आदि उपस्थित थे।

## नाबालिग आदिवासी लड़की के हत्यारे की गिरफ्तारी और स्वजनों को सुरक्षा देने की मांग

**खूंटी (आजाद सिपाही)।** जिला के सायको थाना क्षेत्र में गत सोमवार को एक पेड़ से लटकी मिली मारंगहादा क्षेत्र के 15 वर्षीय आदिवासी लड़की के हत्यारे को अविलंब गिरफ्तार कर कड़ी सजा देने और स्वजनों को सुरक्षा प्रदान करने की मांग भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष आरती कुजूर ने की है। मंगलवार को आरती कुजूर ने अपनी टीम के साथ नाबालिग लड़की के परिजनों से मुलाकात कर पूरे मामले की जानकारी ली। स्वजनों ने बताया कि आरोपित नारायण पहान अक्सर हथियार के साथ उसके घर आता था। और उसकी नाबालिग बेटी को जबरन अपने साथ ले जाता था। विरोध करने पर सभी को जान से मारने की धमकी देता था। स्वजन डर कर कोई विरोध नहीं कर पाते थे। शुक्रवार को भी वह उसकी पुत्री को ऐसे ही ले गया था। लेकिन उसकी पुत्री घर नहीं लौटी। तीसरे दिन सोमवार को सायको थाना क्षेत्र में एक पेड़ से लटकी उसकी लाश मिली। स्वजनों का कहना है कि आरोपित अभी तक पुलिस की गिरफ्त से बाहर है, जिससे वे भयभीत हैं। स्वजनों से मिलने के बाद महिला मोर्चा की टीम सायको थाना में थाना प्रभारी से मुलाकात कर आरोपित को अविलंब गिरफ्तार करने तथा स्वजनों को सुरक्षा प्रदान करने और एफआइआर में पॉक्सो की धाराओं को जोड़ने की मांग की। प्रतिनिधि मंडल में महिला मोर्चा की प्रदेश महामंत्री सीमा सिंह,प्रमंडल प्रभारी पिंकी खोया, जिलाध्यक्ष रंदाय नाग, जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर गुप्ता, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं पूर्व प्रमुख रुकमिला सारू, ज़िला महामंत्री बिनोद नाग, जिला उपाध्यक्ष संजय साहू आदि शामिल थे।

# सड़क हादसे में पिता-पुत्र घायल



आजाद सिपाही संवाददाता

**बेड़ो।** थाना क्षेत्र के बेड़ो लोहरदगा मार्ग पर दिघिया गांव के समीप मंगलवार को अपराह्न लगभग साढ़े बजे अज्ञात वाहन की चपेट में आने से स्कूटी सवार नाथपुर घाघरा निवासी 65 वर्षीय पिता बंधन उरांव 20 वर्षीय पुत्र साहिल लकड़ा गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे ग्रामीणों ने बेड़ो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया।जहां डा मेघा भगत ने घायल का प्राथमिक उपचार कर गंभीर रूप से घायल बंधन उरांव को बेहतर उपचार के लिए रिम्स रेफर कर दिया। साहिल लकड़ा ने बताया कि वे वर्तमान में जगरनाथपुर ध्रुवा रांची में रहते है वही अपने स्कूटी से जा रहे थे। इसी दौरान पावर दिघिया गांव के समीप अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिससे वह गिरकर घायल हो गए।

# गौसेवा के साथ मनुष्य का जीवन धन्य होता है : विधायक पूर्णिमा

आजाद सिपाही संवाददाता



**झरिया।** बस्ताकोला स्थित श्री झरिया धनबाद गौशाला में मंगलवार से गोपाष्टमी महोत्सव का आयोजन किया गया है। महोत्सव का उद्घाटन झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह ने गौ माता को चारा खिलाकर किया। इस दौरान विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह ने कहा कि गौ सेवा करना मनुष्य का परम धर्म है तथा गौ सेवा करने के साथ मनुष्य का जीवन धन्य होता है। सनातन धर्म में गौ का एक महत्वपूर्ण स्थान दिया गया है। कहा कि गौशाल में विगत कई वर्षों से हर कार्यक्रम में आने का मौका मिलता रहा है। कमेटी द्वारा किये गये मांग को पूरा किया गया, साथ ही आगे भी गौशाला एवं कमेटी के सहयोग में हर संभव मदद को तैयार रहेगे। मौके पर महेंद्र अग्रवाल, मुरलीधर पोद्दार, द्वारका प्रसाद गोयनका, सत्यनारायण भोजगढिया, कैलाश प्रसाद चौधरी, रामप्रसाद कठेरिया, शिवकुमार खेमका, अनिल खेमका,अशोक सराफ, शारदानंद सिंह, बृजमोहन अग्रवाल, गोपाल अग्रवाल, पवन मित्तल, सतीश अग्रवाल, सरवन अग्रवाल, विधायक प्रतिनिधि केडी पांडेय, बबलू सिंह, दिनेश पासवान, पारस यादव, सूरज सिंह आदि थे। कार्यक्रम के तहत रात में कवि समेलन का आयोजित किया गया है। साथ ही मनोरंजन के लिए गौशाला परिसर में मेला का आयोजन किया गया है।

# एकादशी उद्यापन को लेकर भव्य कलश यात्रा निकाली

**मरकच्चो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय मरकचो स्थित कोटवार मोहल्ला में एकादशी उद्यापन का शुभारंभ को लेकर मंगलवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गई। वाराणसी से पधारे यज्ञाचार्य मृत्युंजय पांडे एवं उनके सहयोगी पंडितों के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ यज्ञ का शुभारंभ किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में सह विभाग सह संघचालक हजारीबाग विभाग सुरेंद्र प्रताप सिंह, प्रखण्ड प्रमुख मरकच्चो विजय कुमार सिंह, समाजसेवी लक्ष्मी प्रसाद रवानी, प्रोफेसर शिव नारायण ठाकुर उपस्थित थे। कलश यात्रा का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया। कलश यात्रा में 101 माताओं और कुंवारी कन्याओं ने पीले वस्त्र धारण कर माथे पर कलश लेकर भाग लिया। कलश



यात्रा गाजे-बाजे वह गगनचुंबी नारे के साथ मरकच्चो प्रखंड मुख्यालय के विभिन्न गलियों का भ्रमण करते हुए पंचखेरो नदी स्थित उत्तरवाहिनी पहुंची जहां यज्ञचार्ज मृत्युंजय पांडे एवं यज्ञ कार्य में लगे पंडितों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ कलश में जल भरवाया गया। इसके बाद कलश यात्रा वापस यज्ञ स्थल पर पहुंची। जहां विधि विधान के साथ कलश को यज्ञ मंडप में प्रवेश कराया गया। यज्ञ के आयोजक मुख्य पुजारी चंद्रावती देवी है। कलश यात्रा कार्यक्रम में मुख्य रूप से महेश प्रसाद, अंजु देवी, लक्ष्मी प्रसाद, रवि सिंह, नवल पांडे, सतीश सिंह, मनोज सिंह, देवेन्द्र अग्रवाल, शंकर पांडे, भुनेश्वर प्रसाद यादव, मनोज पासवान, दिनेश अग्रवाल, विजय रवानी, प्रभु राम, रोहित रंजन, राहुल कुमार, संजीव कुमार, राजन कुमार, संतोष प्रसाद, विकास कुमार सिंह, अरविंद कुमार सिंह, शेखर कुमार सिंह, शुभम कुमार, सत्यम कुमार, विशु कुमार, शिवांश कुमार, पार्थ कुमार, समेत सैकड़ो श्रद्धालु उपस्थित थे।

## श्री श्री 108 एकादशी व्रत उद्यापन श्रीमद्भागवत यज्ञ प्रारंभ

**जयनगर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड अंतर्गत ग्राम अंबाडीह, पंचायत तेतरोंन, में पंच दिवसीय श्री श्री 108 एकादशी व्रत उद्यापन, सह श्रीमत भागवत ज्ञान, यज्ञ अचार पंडितों के द्वारा किया जा रहा है। यह यज्ञ मंदोदरी देवी पति भीखी राणा के पुत्र इंद्रदेव राणा जी की असीम कृपा एवं मन्नत पूरी के लिए यज्ञ किया जा रहा है। इस यज्ञ में महिलाएं यज्ञ स्थल से कलश लेकर उत्तरवाहिनी जल भरने के लिए अंबाडीह से बडानो माथे पर कलश लेकर नंगे पाव जल भरने गाजे-बाजे के साथ पहुंची। आचार्य बसंत शास्त्री ने कहा कि यज्ञ करने से वातावरण शुद्ध होता है एवं यज्ञ द्वारा हवन करने से क्षेत्र में किसी प्रकार की विपदा नहीं आती है। आचार्य विकास पांडे ने कहा कि यज्ञ करने से यज्ञ की ध्वनि चारों और फैलने से लोगों में जागृति आती है। कलश यात्रा में पूरा क्षेत्र हरे रामा हरे कृष्णा जय श्री राम जय भोलेनाथ जय बजरंगबली के जयकारे से गुंजायमान था।

